खबरों में रहे स्टॉक

अदाणी पावर



कोलंबो वेस्ट इंटरनैशनल टर्मिनल पर परिचालन की हुई शुरुआत

₹ 532.5 पिछला बंद भाव
₹ 511.0 आज का बंद भाव
-4.0 % ▼

टाटा स्टील



वित्त वर्ष 25 में घरेलू कच्चे इस्पात का उत्पादन सालाना आधार पर 5 प्रतिशत बढ़ा

₹ 140.5 पिछला बंद भाव
₹ 129.6 आज का बंद भाव
-7.7 % ▼

सन फार्मा



भारत में दवा की नई श्रेणी फेक्सुक्लू पेश की

₹ 1,709.4 पिछला बंद भाव
₹ 1,668.4 आज का बंद भाव
-2.4 % ▼

सुप्राजित इंजीनियरिंग



इटली की ब्लूब्रेक एसपीए के साथ लाइसेंसिंग और तकनीक हस्तांतरण समझौता किया

₹ 375.2 पिछला बंद भाव
₹ 364.6 आज का बंद भाव
-2.8 % ▼

जेएसडब्ल्यू स्टील



वित्त वर्ष 25 की चौथी तिमाही के दौरान कच्चे इस्पात का उत्पादन 12 प्रतिशत बढ़ा

₹ 1,007.2 पिछला बंद भाव
₹ 929.5 आज का बंद भाव
-7.7 % ▼

वाहनों की खुदरा बिक्री बढ़ी

खुदरा बिक्री में दर्ज हुआ 6.5 फीसदी इजाफा, बीते वित्त वर्ष के आखिरी महीने ने बिगाड़ा खेल

शाइन जैकब
चेन्नई, 7 अप्रैल

वित्त वर्ष 2025 में वाहनों की खुदरा बिक्री में 6.5 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई। इसका प्रमुख कारण यात्री वाहनों की बिक्री में 5 फीसदी, दोपहिया की बिक्री में 8 फीसदी और वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री में 5 फीसदी का इजाफा होना है। इसकी तुलना में वित्त वर्ष 2023-24 में दो अंकों में यानी 10 फीसदी की वृद्धि हुई थी।

मगर वित्त वर्ष के आखिरी महीने यानी मार्च में चिंता देखने को मिली क्योंकि इस दौरान खुदरा बिक्री में लगातार दूसरे महीने गिरावट आई। पिछले साल मार्च के मुकाबले बीते मार्च में बिक्री में 0.7 फीसदी की गिरावट रही। फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (फाडा) के आंकड़ों के मुताबिक इस दौरान दोपहिया की बिक्री में 2 फीसदी, तिपहिया की बिक्री में 6 फीसदी, ट्रैक्टर की बिक्री में 6 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई। मार्च के दौरान बस एक बात ही अच्छी रही कि पिछले साल मार्च के मुकाबले इसमें 6 फीसदी की वृद्धि हुई जिसकी मुख्य वजह प्रोत्साहन, त्योहारी लाभ और नई पेशकश थीं।

उससे एक महीने पहले यानी फरवरी में उद्योग की बिक्री में 7 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई और बिक्री सभी श्रेणियों में कम रही। कुल आंकड़ों के लिहाज से देश में वित्त वर्ष 2025 में 2.6 करोड़ वाहनों की बिक्री हुई जबकि वित्त वर्ष 2024 में 2.45 करोड़ गाड़ियां बिकी थीं।

रफ्तार की डगर

- यात्री वाहनों की बिक्री में 5 फीसदी, दोपहिया की बिक्री में 8 फीसदी और वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री में 5 फीसदी का इजाफा हुआ
- वित्त वर्ष 2024 में 10 फीसदी की हुई थी वृद्धि
- पिछले साल मार्च के मुकाबले इस साल मार्च के दौरान बिक्री में 0.7 फीसदी की गिरावट आई
- देश भर के डीलर वित्त वर्ष 2026 को लेकर आशावादी हैं

फाडा के अध्यक्ष सीएस विघ्नेश्वर ने कहा, 'खरमास अवधि के कारण मार्च के पहले तीन हफ्ते काफी कमजोर रहे। लेकिन आखिरी हफ्ते में नवरात्रि, गुड़ी पड़वा, ईद और साल के आखिर में खरीद के फायदों जैसे सकारात्मक कारणों से बिक्री अच्छी-खासी बढ़ी। हालांकि, मार्च में यात्री वाहनों ने बेहतर प्रदर्शन किया, लेकिन डीलरों की संस्था ने मूल उपकरण विनिर्माताओं (ओईएम) के पास 50 से 55 दिनों का वाहनों का ज्यादा स्टॉक होने को लेकर आगाह किया है।'

विघ्नेश्वर ने कहा, 'अवास्तविक लक्ष्य, नकदी की चुनौतियां और कम मांग वाले क्षेत्रीय इलाकों में यात्री वाहनों की इन्वेंट्री बढ़कर करीब 50 से 55 दिन पहुंच गई है। प्रोत्साहन और त्योहारों से मिलने वाले फायदों ने कुल मिलाकर बिक्री बढ़ाई है। लेकिन डीलर नए वित्त वर्ष की शुरुआत में ज्यादा स्टॉक और लक्ष्य के दबाव को लेकर सतर्क हैं।'

देश भर के डीलर वित्त वर्ष 2026 को लेकर आशावादी हैं। फाडा ने भी दोपहिया वाहनों में मध्य से उच्च एक अंक की वृद्धि और यात्री और वाणिज्यिक वाहनों की कम एक अंक में वृद्धि की संभावना जताई है।

सरकार के लिए चिंता की एक और बात इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) की बढ़ोतरी का स्थिर होना भी है। वित्त वर्ष 2024 में ईवी की पहुंच 7.1 फीसदी से बढ़कर वित्त वर्ष 2025 में 7.8 फीसदी हो गई मगर मार्च में यह एक साल पहले के 10.3 फीसदी से कम होकर 9.9 फीसदी रह गई।

यात्री वाहनों में बाजार की दिग्गज मारुति सुजूकी की बिक्री मार्च में 3 फीसदी बढ़ गई और उसने 1,32,423 गाड़ियों की बिक्री की। मगर दूसरे स्थान के लिए टाटा मोटर्स, महिंद्रा ऐंड महिंद्रा (एमऐंडएम) और ह्युंडै मोटर जैसी तीन प्रमुख कंपनियों में बढ़िया प्रतिस्पर्धा चल रही है। फरवरी में एमऐंडएम ने ह्युंडै मोटर को पीछे छोड़ दिया और दूसरे स्थान पर पहुंच गई थी लेकिन मार्च में टाटा मोटर्स पिछले साल के मुकाबले 4 फीसदी अधिक यानी 48,462 गाड़ियां बेचकर दूसरे नंबर की कंपनी बन गई। महिंद्रा की बिक्री पिछले साल के मुकाबले 17 फीसदी बढ़कर 46,297 गाड़ियों की हो गई जबकि ह्युंडै एक साल पहले के मुकाबले 5 फीसदी कम यानी सिर्फ 42,511 गाड़ियां ही बेच सकी।

टाटा स्टील और जेएसडब्ल्यू स्टील का उत्पादन बढ़ा

ईशिता आयान दत्त
कोलकाता, 7 अप्रैल

वित्त वर्ष 25 की चौथी तिमाही में जेएसडब्ल्यू स्टील का समेकित कच्चा इस्पात उत्पादन 76.3 लाख टन रहा जो अब तक का सर्वाधिक है

प्रमुख स्टील विनिर्माता - टाटा स्टील और जेएसडब्ल्यू स्टील ने घरेलू बाजार में क्षमता वृद्धि की बदौलत वित्त वर्ष 2025 की चौथी तिमाही में पिछले साल की तुलना में बेहतर उत्पादन दर्ज किया।

वित्त वर्ष 25 की चौथी तिमाही के दौरान टाटा स्टील इंडिया ने 56 लाख टन की आपूर्ति की जो वित्त वर्ष 24 की चौथी तिमाही के 54.2 करोड़ टन की तुलना में 3.3 प्रतिशत अधिक रही। भारतीय आपूर्ति में तिमाही आधार पर 6 प्रतिशत की वृद्धि हुई और टाटा स्टील ने कहा कि 'अब तक के सबसे अच्छे' वॉल्यूम को घरेलू आपूर्ति में तिमाही आधार पर लगभग नौ प्रतिशत की अधिक वृद्धि से सहायता मिली है।

वित्त वर्ष 25 में टाटा स्टील इंडिया की आपूर्ति उत्पादन के अनुरूप बढ़ी और वित्त वर्ष 24 में दर्ज पिछले सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन को पार कर गई। टाटा स्टील ने कहा कि भारत में स्टील की मांग में वृद्धि का लाभ उठाते हुए घरेलू आपूर्ति पिछले साल की तुलना में 4.4 प्रतिशत बढ़कर 1.97 करोड़ टन हो गई।

टाटा स्टील इंडिया का वित्त वर्ष 25 का कच्चा इस्पात उत्पादन पिछले साल की तुलना में पांच प्रतिशत बढ़कर करीब 2.18 लाख टन हो गया। कलिंगनगर में ब्लास्ट फर्नेस के चालू होने तथा नीलाचल इस्पात निगम लिमिटेड (एनआईएनएल) में अधिक इस्पात उत्पादन के कारण ऐसा हुआ।

वित्त वर्ष 2025 की चौथी तिमाही के दौरान जेएसडब्ल्यू स्टील का समेकित कच्चा इस्पात उत्पादन 76.3 लाख टन रहा जो अब तक का सबसे अधिक है। इसमें पिछले साल के मुकाबले 12 प्रतिशत और पिछली तिमाही के मुकाबले नौ प्रतिशत का इजाफा हुआ है। इस इजाफे में भारतीय परिचालन आगे रहा जिसने 74 लाख टन का कच्चा इस्पात उत्पादन दर्ज किया और यह पिछली तिमाही की तुलना में नौ प्रतिशत और पिछले साल की तुलना में 13 प्रतिशत अधिक रहा।

शेयर बाजार को दी गई सूचना में जेएसडब्ल्यू स्टील ने कहा कि जेएसडब्ल्यू विजयनगर मेटालिक्स लिमिटेड (जेवीएमएल) में उत्पादन बढ़ोतरी 50 लाख टन प्रति वर्ष करने का काम बेहतर ढंग से चल रहा है। एक बार पूरी तरह से तैयार हो जाने के बाद विजयनगर में कच्चे इस्पात की कुल क्षमता बढ़कर 1.75 करोड़ टन प्रति वर्ष हो जाएगी। इससे जेएसडब्ल्यू स्टील के समूचे भारतीय परिचालन में कच्चे इस्पात की क्षमता बढ़कर 3.42 करोड़ टन प्रति वर्ष पहुंच जाएगी।

वित्त वर्ष 2025 में जेएसडब्ल्यू स्टील की संयुक्त उत्पादन की मात्रा 2.779 करोड़ टन थी, जो इससे पिछले साल की तुलना में 4 प्रतिशत अधिक रही। भारतीय परिचालन उत्पादन 6 प्रतिशत बढ़कर 2.698 करोड़ टन रहा।

संक्षेप में

आईएलऐंडएफएस ने 45,281 करोड़ रु चुकाए

कर्ज में डूबे आईएलऐंडएफएस समूह ने मार्च, 2025 तक अपने ऋणदाताओं को 45,281 करोड़ रुपये का कर्ज चुका दिया है। इसके साथ समूह की 197 इकाइयों का कर्ज समाधान पूरा हो गया है। दिवाला अपीलीय न्यायाधिकरण एनसीएलएटी के समक्ष दायर नवीनतम स्थिति रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। मार्च, 2025 तक चुकाई गई 45,281 करोड़ रुपये की राशि 28 अक्टूबर, 2024 को आईएलऐंडएफएस की तरफ से दाखिल पिछली स्थिति रिपोर्ट में बताए गए 38,082 करोड़ रुपये के चुकता कर्ज से 18.9 प्रतिशत अधिक है। आईएलएंडएफएस ने कहा कि 21 मार्च, 2025 तक समूह की 302 इकाइयों में से 197 का कर्ज समाधान हो चुका है। इस तरह 61,000 करोड़ रुपये के ऋण समाधान लक्ष्य में से 45,281 करोड़ रुपये का कर्ज समाधान पूरा हो चुका है। अब केवल 105 इकाइयों का ही कर्ज समाधान बाकी रह गया है। *भाषा*

आईडीबीआई बैंक की याचिका खारिज

राष्ट्रीय कंपनी विधि अपील अधिकरण (एनसीएलएटी) ने आईडीबीआई बैंक की उस याचिका को सोमवार को खारिज कर दिया जिसमें जी एंटरटेनमेंट के खिलाफ दिवाला कार्यवाही शुरू करने का अनुरोध किया गया था। एनसीएलएटी के दो सदस्यीय पीठ ने राष्ट्रीय कंपनी विधि अधिकरण (एनसीएलटी) की मुंबई पीठ द्वारा पारित आदेश को बरकरार रखा जिसने जी एंटरटेनमेंट एंटरप्राइजेज लिमिटेड (जेडईईएल) के खिलाफ दिवाला कार्यवाही शुरू करने की निजी ऋणदाता की याचिका को खारिज कर दिया था। प्राधिकरण ने हालांकि आईडीबीआई बैंक को दिवाला एवं शोधन अक्षमता संहिता (आईबीसी) की धारा 10ए में उल्लिखित अवधि से परे चूक के लिए नई याचिका दायर करने की स्वतंत्रता प्रदान की। *भाषा*

मेट्रोपोलिस का तीसरा अधिग्रहण

मुंबई मुख्यालय वाली मेट्रोपोलिस हेल्थकेयर ने आज कहा कि वह देहरादून की अग्रणी डायग्नोस्टिक श्रृंखला - डॉ. आहूजास पैथोलॉजी ऐंड इमेजिंग सेंटर (डीएपीआईसी) का 35 करोड़ रुपये के नकद सौदे में अधिग्रहण करेगी। कोर डायग्नोस्टिक्स (दिल्ली-एनसीआर) और साइंटिफिक पैथोलॉजी (आगरा) के बाद हाल के महीनों में उत्तर भारत में मेट्रोपोलिस का यह तीसरा अधिग्रहण है। मेट्रोपोलिस की नजर उत्तर भारत में दूसरा स्थान हासिल करने पर है। वित्त वर्ष 2025 में दो अधिग्रहण और अब वित्त वर्ष 2026 की शुरुआत में एक अधिग्रहण का ऐलान करने के बाद मेट्रोपोलिस और ज्यादा अधिग्रहणों की तलाश में है। *बीएस*

रियल्टी: पीई निवेश में नरमी

भारत के रियल्टी क्षेत्र में वित्त वर्ष 2025 में भी निजी इक्विटी (पीई) निवेश में नरमी बरकरार है। एनारॉक की एक रिपोर्ट के मुताबिक वैश्विक आर्थिक चुनौतियों के बीच निवेशकों की प्राथमिकताएं बदल रही हैं।

उल्लेखनीय है कि वित्त वर्ष 2021 में निवेश उच्चतम स्तर 6.4 अरब डॉलर तक पहुंच गया था जो वित्त वर्ष 2025 में घटकर 3.7 अरब डॉलर रह गया। इन पांच वर्षों के दौरान निवेश में करीब 43 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई है। वित्त वर्ष 2024 में निवेश 3.8 अरब डॉलर था। सौदों की संख्या में भी भारी गिरावट आई है। वित्त वर्ष 2024 में 51 सौदों के मुकाबले बीते वित्त वर्ष 2025 में 39 सौदे ही हुए। नतीजतन, सौदों का औसत आकार 7.5 करोड़ डॉलर से बढ़कर 9.4 करोड़ डॉलर हो गया।

एनारॉक कैपिटल के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्य अधिकारी शोभित अग्रवाल ने कहा, 'बीते पांच वर्षों में पीई निवेश में लगातार गिरावट आ रही है। यह वित्त वर्ष 2021 के 6.4 अरब डॉलर के मुकाबले वित्त वर्ष 2025 में घटकर 3.7 अरब डॉलर रह गया है जो वित्त वर्ष 2021 के मुकाबले 43 फीसदी की गिरावट है।' *बीएस*

उत्तर अमेरिका में बढ़ी जेएलआर की बिक्री

सोहिनी दास
मुंबई, 7 अप्रैल

वित्त वर्ष 2025 के दौरान जगुआर लैंड रोवर (जेएलआर) की थोक और खुदरा बिक्री सपाट रही। कंपनी ने थोक में 4,00,898 गाड़ियों की बिक्री की जबकि खुदरा स्तर पर बिक्री 4,28,854 गाड़ियों की रही। चौथी तिमाही में खुदरा बिक्री 5.1 फीसदी कम होकर 1,08,232 वाहन रही जबकि थोक बिक्री में मामूली 1.1 फीसदी का इजाफा हुआ और उसने 1,11,413 गाड़ियों की बिक्री की।

दिलचस्प है कि चौथी तिमाही के दौरान उत्तर अमेरिका में कंपनी की थोक बिक्री 14.4 फीसदी बढ़ गई है। अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप के वाहन आयात पर 25 फीसदी शुल्क लगाने के बाद जेएलआर ने अप्रैल में अमेरिका के लिए शिपमेंट रोक दी है। कंपनी का अमेरिका में कोई संयंत्र नहीं है और वह ब्रिटेन और स्लोवाकिया के संयंत्र से अमेरिका में कारों का निर्यात करती है। कुल बिक्री का एक चौथाई हिस्सा होने से जेएलआर के लिए अमेरिका सबसे महत्त्वपूर्ण बाजार है। उधर, जेएलआर की वैश्विक बिक्री में चीन भी समस्या बना हुआ है। वित्त वर्ष 2025 की चौथी तिमाही में चीन में थोक बिक्री में 29.4 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई है। दूसरी ओर, उत्तर अमेरिका में बिक्री में 14.4 फीसदी और यूरोप में 10.9 फीसदी का इजाफा हुआ है और ब्रिटेन में बिक्री 0.8 फीसदी पर सपाट रही।

टाटा पावर की बैटरी ऊर्जा भंडारण परियोजना को मंजूरी

बिजली कंपनी टाटा पावर को महाराष्ट्र विद्युत विनियामक आयोग (एमईआरसी) से 100 मेगावाट क्षमता की बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली (बीईएसएस) परियोजना स्थापित करने की मंजूरी मिल गई है। टाटा पावर ने सोमवार को कहा कि यह परियोजना अगले दो साल में मुंबई में 10 रणनीतिक रूप से स्थित स्थलों पर स्थापित की जाएगी।

'ब्लैक स्टार्ट' विशेषता से युक्त, बीईएसएस ग्रिड की गड़बड़ी की स्थिति में मेट्रो, अस्पतालों, हवाई अड्डे और डेटा केंद्रों सहित महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे को बिजली की आपूर्ति को तेजी से बहाल करने में सक्षम बनाएगी। उन्नत ब्लैक स्टार्ट विशेषता से तात्पर्य किसी विद्युत प्रणाली की उस क्षमता से है, जो पूर्ण रूप से बिजली गुल होने के बाद, बाह्य विद्युत स्रोतों या नेटवर्क पर निर्भर हुए बिना, स्वयं चालू होकर बिजली की आपूर्ति कर सकती है। *भाषा*

यूको बैंक UCO BANK
(भारत सरकार का उपक्रम)
प्रधान कार्यालय-II, सूचना प्रौद्योगिकी विभाग
3 और 4 डीडी ब्लॉक, सेक्टर-1, सॉल्ट लेक, कोलकाता-700 064
निविदा की सूचना
यूको बैंक एंटीवायरस लाइसेंस की खरीदारी एक्सडीआर समाधान के साथ के लिए निविदा आमंत्रित करता है।
विवरण के लिए कृपया https://www.ucobank.com और https://gem.gov.in वेबसाइट पर देखें।
दिनांक : 08.04.2025
सहायक महाप्रबंधक
सूचना प्रौद्योगिकी विभाग

SBI
आंतरिक लेखापरीक्षा विभाग, कॉरपोरेट केंद्र, हैदराबाद-500 019
सेवानिवृत्त एसबीआई/ई-एबी अधिकारियों का पैनलीकरण
(टी.ई.जी.एस. VI और VII) सीसी ऑडिट विंग, आईएडी के लिए
भारतीय स्टेट बैंक / e-AB के सेवानिवृत्त स्केल टीईजीएस-VI और VII के पात्र अधिकारियों से आईएडी के सीसी ऑडिट विंग में ऑडिटर के रूप में पैनलबद्ध करने के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं. आवेदन के लिए प्रारूप, पात्रता मानदंड और अन्य विवरण बैंक की वेबसाइट, पथ https://bank.sbi/ Announcements/Engagement of retired Officers/Employees पर उपलब्ध हैं.
स्थान: हैदराबाद
दिनांक: 08.04.2025
हस्ताक्षर/-
उप महाप्रबंधक (मा.सं., प्रशा. एवं परिचालन)

TATA POWER-DDL
टाटा पावर दिल्ली डिस्ट्रिब्यूशन लिमिटेड
टाटा पावर एवं दिल्ली सरकार का संयुक्त उपक्रम
रजि. आफिस : एनडीपीएल हाउस, हडसन लाइन, किंग्सवे केम्प, दिल्ली-110009
CIN No. U40109DL2001PLC111526, osclkbV: tatapower-ddl.com
शुद्धिपत्र/निविदा तिथि विस्तार Apr 08, 2025

निविदा पूछताछ सं. कार्य का विवरण	पूर्व प्रकाशित दिनांक	संशोधित निविदा तिथि/बोली जमा कराने की तिथि/बोली खोलने की तिथि
TPDDL/ENGG/ENQ/200001788/24-25 RC for Supply of 11mtr and 9mtr PCC HT/LT Poles at Tata Power-DDL Site/Store	18.03.2025	15.04.2025 at 1400 Hrs/ 15.04.2025 at 1430 Hrs

सम्पूर्ण निविदा एवं शुद्धिपत्र दस्तावेज हमारी वेबसाइट पर उपलब्ध
website www.tatapower-ddl.com→Vendor Zone →Tender / Corrigendum Documents

ESAF SMALL FINANCE BANK
REGD. OFFICE: ESAF Bhavan, Mannuthy, Thrissur- 680 651, Kerala.
GOLD AUCTION NOTICE
Notice is hereby given for the information of all concerned that Gold ornaments pledged with ESAF Small Finance Bank and not redeemed by borrowers, despite repeated reminders and notices, of our branches, are listed below. This will be auctioned as per the details given below:
DATE OF AUCTION: 22-04-2025 TIME: 2 PM TO 5 PM
AUCTION VENUE: THROUGH E-AUCTION
AUCTION ADDRESS: https://egold.auctiontiger.net
Contact Number: 9099013705/6351896640
To register as bidder for the e-Auction with terms and conditions, and full details of e-Auction please visit the above site.
BRANCHES & LOAN ACCOUNT NUMBERS
ALLAHABAD - PRAYAGRAJ: 63240000647220, BASTI: 63240000679219, 75240000635505, 636384, GORAKHPUR: 75240003023045, LUCKNOW - GOMTINAGAR: 63240000659777, 75240002878003, 2912180, 2932702, SITAPUR: 75240000605833, VARANASI: 63240000696606, 701269, 75240003062791.
Customers who are interested to release the ornaments by paying the total due amount may do so, at the respective branches, on or two days before the date of the auction.
Bidders who wish to participate in the auction shall produce their KYC documents. GST No. is mandatory for registered firms/companies. Bidders shall deposit a sum of Rs.50,000 as EMD before participating in the auction.
Thrissur
Date: 08-04-2025
Sd/-
Authorized Signatory

pnb Housing Finance Limited Ghar Ki Baat
परिशिष्ट -4-क
अचल सम्पत्ति(यों) की ई-नीलामी बिक्री सूचना
वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 8(6) के परंतुक के तहत अचल आस्तियों की बिक्री हेतु ई-नीलामी बिक्री सूचना
पंजीकृत कार्यालयः - 9 वीं मंजिल, अंतरिक्ष भवन, 22, के जी मार्ग, नई दिल्ली -110001 फोनः - 011-23357171, 23357172, 23705414, वेबसाइटः www.pnbhousing.com
लखनऊ शाखाः पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड, 307 और 308, तृतीय तल, कमर्शियल कॉम्प्लेक्स, साइबर हाइट्स, गोमती नगर लखनऊ -226010
एतद्द्वारा सर्व साधारण को और विशेष रूप से कालम नंबर -ए में निदर्शित कर्जदार(रों) एवं गारंटर(रों) को सूचना दी जाती है कि प्रत्याभूत लेनदार के पास बंधक/प्रभारित कालम नंबर-डी में वर्णित अचल सम्पत्ति(यां), जिसका प्रलक्षित/भौतिक कब्जा पीएनबी हाउसिंग फाईनैंस लिमिटेड (पीएनबी एचएफएल)/प्रत्याभूत लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्राप्त किया जा चुका है (कालम नंबर-सी में वर्णितानुसार) नीचे दिए विवरण के अनुसार "जैसी है जहां है", जैसी है जो है" तथा "जो भी है वहां है" आधार पर बेची जाएगी। एतद्द्वारा कालम नंबर -ए में निदर्शित कर्जदार(रों)/बंधकदाता(ओं)/संबंधित कर्जदार(रों)/बंधकदाता(ओं) (मृत्योपरान्त) के कानूनी वारिसों, कानूनी प्रतिनिधियों, (चाहे ज्ञात अथवा अज्ञात), निष्पादक(कों), प्रशासक(कों), उत्तराधिकारी(यों), समनुदेशिती(यों) को, जैसी भी स्थिति है, प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियमावली, 2002 अद्यतन संशोधित के नियम 8(6) एवं 9 के तहत सूचना दी जाती है।
बिक्री के विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए, कृपया मैसर्स पीएनबी हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड, प्रतिभूत लेनदार की वेबसाइट नामतः www.pnbhousing.com में उपलब्ध कराया गया लिंक देखें।

ऋण संख्या, कर्जदार/सह-कर्जदार का नाम गारंटर(s) (ए)	मांग सूचना मांग की राशि और तारीख (बी)	कब्ज़ा का प्रकार (सी)	बंधक रखी सम्पत्तियों का विवरण (डी)	आरक्षित मूल्य (आरपी) (ई)	ईएमडी (आरपी का 10%) (एफ)	बोली प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि (जी)	बोली वृद्धि राशि (एच)	निरीक्षण की तिथि एवं समय (आई)	नीलामी की तिथि एवं समय (जे)	ज्ञात ऋणभार/न्यायालय मामला, यदि कोई, (के)
HOU/LUC/0218/490106, HOU/LUC/0518/536597, बी.ओ.: लखनऊ, दीप्ति सिंह, अरिंदमन सिंह	14.06.2021 तक रु. 31,22,921.96	भौतिक कब्जा	मिनजुमला खसरा संख्या 148 पर संपत्ति, क्षेत्रफल 1018 वर्ग फीट या 94.61 वर्ग मीटर, नेवाज पुरवा जुग्गौर, लखनऊ में स्थित।	रु. 2674000	रु. 267400	24.04.2025	रु. 10,000	15.04.2025 पूर्वा. 10.00 बजे से अप. 5:30 बजे	25.04.2025 अप. 02.00 बजे से अप. 03:00 बजे	Not Known

*उसके भुगतान तथा/अथवा वसूली की तिथि तक लागू अनुसार 18 प्रतिशत वार्षिक की दर पर भावी ब्याज, उपगत किए गए अनुषंगी खर्चों, लागत, प्रभारों इत्यादि सहित। "पीएनबी हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के सर्वश्रेष्ठ ज्ञान और जानकारी के अनुसार, उपरिवर्णित अचल/प्रतिभूत आस्तियों के संबंध में कोई अन्य ऋणभार/दावे नहीं हैं, सिवाय उनके जो कालम नंबर-के में वर्णित किए गए हैं। इसके अतिरिक्त इन ऋणभारों का भुगतान/अदायगी सफल क्रेता/बोलीदाता द्वारा उसकी अपनी व्यवस्था द्वारा की जाएगी। सफल क्रेता(ओं)/बोलीदाताओं से वर्णित ऋणभारों की सत्यता का अभिनिश्चयन स्वतंत्र रूप से करने का अनुरोध किया जाता है। 1. आज की तिथि तक, पीएनबीएचएफएल/पीएनबीएचएफएल के प्राधिकृत अधिकारी पर उपरोक्त अचल सम्पत्तियों/प्रतिभूत आस्तियों की बिक्री, हस्तांतरण तथा/अथवा निपटान के संबंध में कोई प्रतिबंध आदेश तथा/अथवा न्यायालय निषेधादेश लागू नहीं है। 2. संभावित क्रेता/बोलीदाता तथा इच्छुक पार्टियां कालम नंबर-के में वर्णित, कार्यवाही/पारित आदेश इत्यादि, यदि कोई, में बहस, जिसमें पीएनबीएचएफएल के पास उपलब्ध उसके स्वामित्व के साथ संबंधित दस्तावेजों का शीर्षक शामिल है परंतु उसी तक सीमित नहीं है, का निरीक्षण स्वतंत्र रूप से कर सकती हैं तथा सभी संदर्भों में अपनी संतुष्टि अपनी निविदा/बोली आवेदन प्रस्तुत करने अथवा ऑफर(सं) प्रस्तुत करने से पहले कर सकती हैं। बोलीदाता(ओं) को बोली प्रपत्र के साथ इस नीलामी के नियमों और शर्तों पर हस्ताक्षर करने होंगे। 3. कृपया ध्यान दें कि प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 9(3) के अनुसार, बोलीदाता/खरीदार कानूनी रूप से बिक्री मूल्य की राशि का 25% (ब्याना सहित) जमा करने के लिए बाध्य है। पैसा, यदि कोई हो, जमा किया गया) उसी दिन या अगले कार्य दिवस की तुलना में बाद में नहीं। सुरक्षा ब्याज (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 9(2) के अनुसार सुरक्षित लेनदार द्वारा बिक्री मूल्य का 25% प्राप्त करने के बाद ही (बोली लगाने वाले) के पक्ष में बिक्री की पुष्टि की जा सकती है। शेष 75% बिक्री पुष्टि पत्र की पावती की तारीख से 15 दिनों के भीतर क्रेता द्वारा बिक्री प्रतिफल राशि जमा करनी होगी और इस तरह की जमा राशि के डिफ़ॉल्ट होने पर, संपत्ति / सुरक्षित संपत्ति को फिर से बेचा जाएगा। 4. मैसर्स सी 1 इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ई-नीलामी के माध्यम से बिक्री संचालन में प्राधिकृत अधिकारी कार्पोरेट कार्यालय पता : प्लॉट नंबर 68, तृतीय तल, सेक्टर-44, गुरुग्राम, हरियाणा-122003 वेबसाइट-www.bankeauctions.com सहायता करेगी। संपत्ति के निरीक्षण या बोली दस्तावेज प्राप्त करने और किसी अन्य प्रश्न या पंजीकरण से संबंधित किसी भी सहायता के लिए, पीएनबीएचएफएल प्राधिकृत अधिकारी अनुपम त्रिपाठी, संपर्क नंबर 1800120 8800, या सी 1 इंडिया प्राइवेट लिमिटेड अथवा www.pnbhousing.com पर देखें।
स्थान : लखनऊ, दिनांक : 08.04.2025
प्राधिकृत अधिकारी, मैसर्स पीएनबी हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड

कोलंबो में अदाणी ने शुरू किया परिचालन

अरबपति उद्योगपति गौतम अदाणी की कंपनी अदाणी पोर्ट्स ऐंड स्पेशल इकॉनमिक जोन लिमिटेड (एपीएसईजेड) ने सोमवार को कहा कि उसने श्रीलंका में कोलंबो वेस्ट इंटरनैशनल टर्मिनल पर अपना परिचालन शुरू कर दिया है।

एपीएसईज़ेड ने बयान में कहा कि सार्वजनिक-निजी भागीदारी के तहत सीडब्ल्यूआईटी का संचालन संघ द्वारा किया जाता है - जिसमें 35 साल के निर्माण, संचालन और हस्तांतरण समझौते के तहत भारत का सबसे बड़ी बंदरगाह संचालक एपीएसईजेड, प्रमुख श्रीलंकाई समूह जॉन कील्स होल्डिंग्स पीएलसी और श्रीलंकाई बंदरगाह प्राधिकरण शामिल हैं। बयान के अनुसार, कोलंबो वेस्ट इंटरनेशनल टर्मिनल परियोजना 80 करोड़ डॉलर के महत्वपूर्ण निवेश का प्रतिनिधित्व करती है। *भाषा*

जसपे ने जुटाए 6 करोड़ डॉलर

अजिंक्य कावले
मुंबई, 7 अप्रैल

भुगतान ढांचे वाली कंपनी जसपे ने प्राइमरी और सेकेंडरी निवेश के जरिये सीरीज डी फंडिंग राउंड में 6 करोड़ डॉलर की रकम जुटाई है। केदार कैपिटल की अगुआ में सॉफ्टबैंक और ऐक्सेल जैसे मौजूदा निवेशकों ने इसमें भागीदारी की। बेंगलूरु की इस फर्म के लिए एवेंडस कैपिटल ने विशेष वित्तीय सलाहकार के तौर पर काम किया है।

अन्य कंपनियों के लिए प्रौद्योगिकी सेवा प्रदाता (टीएसपी) कंपनी अपनी आर्टिफिशल इंटेलिजेंस (एआई) क्षमता को उन्नत करने की योजना बना रही है। उसने एशिया-प्रशांत, लैटिन अमेरिका, यूरोप, ब्रिटेन और उत्तर अमेरिका में अपनी उपस्थिति बढ़ाई है।

जसपे के सह-संस्थापक और मुख्य परिचालन अधिकारी शीतल लालवाणी ने कहा, 'आज हम दुनिया भर में अपनी उपस्थिति बढ़ा रहे हैं और एआई को भारत से बाहर ले जारहे हैं। हम सही मायने में ओपन सोर्स और इंटर ऑपरेबल भुगतान प्रणाली तैयार करने के लिए भी प्रतिबद्ध हैं, जो भुगतान परिदृश्य में बढ़ती विविधता को अपनाते हैं।'

इससे पहले कंपनी ने साल 2021 में सीरीज सी निवेश में दौर में 6 करोड़ डॉलर जुटाए थे। मार्केट इंटेलिजेंस प्लेटफॉर्म ट्रैक्सन के आंकड़ों के मुताबिक कंपनी ने साल 2020 में सीरीज बी राउंड में निवेशकों से 2.16 करोड़ डॉलर की रकम जुटाई थी। बताया जाता है कि इस साल की शुरुआत में वह सीरीज डी में 15 करोड़ डॉलर जुटाने के लिए बातचीत कर रही थी।

कल्याण ज्वैलर्स का राजस्व 37% बढ़ा

कल्याण ज्वैलर्स ने सोने की कीमतों में काफी उतार-चढ़ाव के बावजूद वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी तिमाही में एकीकृत राजस्व में वार्षिक आधार पर 37 प्रतिशत की वृद्धि की सोमवार को जानकारी दी। कल्याण ज्वैलर्स का एकीकृत राजस्व वित्त-वर्ष 2023-24 की चौथी (जनवरी-मार्च) तिमाही (जनवरी-मार्च) में 4,563.72 करोड़ रुपये रहा था। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि वित्त वर्ष 2024-25 की जनवरी-मार्च तिमाही में भारत में राजस्व 39 प्रतिशत और पश्चिम एशिया में 24 प्रतिशत बढ़ा। भारत में चौथी तिमाही में कंपनी ने कल्याण के 25 और कैंडेरे के 14 शोरूम खोले। कंपनी की योजना कल्याण और कैंडेरे के 170 शोरूम खोलने की है। *भाषा*

लखनऊ संस्करण : बिजनेस स्टैंडर्ड प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक नंदन सिंह रावत द्वारा इम्प्रेशंस प्रिंटिंग ऐंड पैकेजिंग लिमिटेड, बी-5, अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, कानपुर रोड, लखनऊ, उ.प्र. से मुद्रित एवं बिजनेस स्टैंडर्ड प्राइवेट लिमिटेड सी/ओ मेहरा बिजनेस चैंबर्स, चैंबर नंबर-8,19-सी2एन विधान सभा मार्ग, लखनऊ - 226001 से प्रकाशित
संपादक : कैलाश नौटियाल आरएनआई नं. UPHIN/2008/25502 पाठक संपादक को lettershindi@bsmail.in पर संदेश भेज सकते हैं। टेलीफोन - 033-22101314/1022/1600
सबस्क्रिप्शन और सर्कुलेशन के लिए संपर्क करें... सुश्री मानसी सिंह हेड, कस्टमर रिलेशन्स बिजनेस स्टैंडर्ड लिमिटेड, एच/4, बिल्डिंग एच, पैरागन सेंटर, बिड़ला सेंचुरियन के सामने, पी बी मार्ग, वर्ली, मुंबई-400013 ईमेल.. subs_bs@bsmail.in या 57575 पर एसएमएस करें REACHBS कोई हवाई अधिभार नहीं